लखनऊ, भोपाल, जयपुर, आगरा, गोण्डा, सुल्तानपुर, अमेठी और फैज़ाबाद में प्रसारित

हिन्दी व अंग्रेज़ी साप्ताहिक समाचारपत्र

खुशी समय

KHUSHI SAMAY

RNI No.: UPBIL/2012/46720

HINDI & ENGLISH WEEKLY NEWSPAPER

LUCKNOW

● वर्ष 9 ● अंक 18 | लखनऊ, रविवार 28 फरवरी 2021 | पृष्ठ - 8 मूल्य -2 रुपये

२५० रुपये में मिलेगी कोरोना वैक्सीन की एक खुराक, केंद्र सरकार ने तय की कीमत

नई दिल्ली (आईएनआईएस) केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि निजी अस्पताल कोविड-१६ टीके की प्रति खुराक के लिए २५० रुपये तक का शुल्क ले सकते हैं।

देश में एक मार्च से ६० वर्ष से अधिक आयु के लोगों और गंभीर बीमारियों से ग्रसित ४५ वर्ष से अधिक आयु के लोगों का टीकाकरण करने की तैयारी चल रही है। मंत्रालय ने टीकाकरण में शामिल किए जाने वाले ४५ से ५६ वर्ष की आयु के लोगों में २० गंभीर बीमारियों के बारे में भी बताया। इनमें हृदय की बीमारी, कोरोनरी धमनी रोग, सीटी ए एमआरआई-स्ट्रोक, १० साल से अधिक समय से मधुमेह, उच्च रक्तचाप, गुर्दे की बीमारी आदि शामिल हैं।

कोविड-१६ टीका सरकारी अस्पतालों में मुफ्त दिया जायेगा जबकि निजी अस्पतालों में लोगों को इसके लिए भुगतान करना होगा। एक आधिकारिक सूत्र ने बताया, ''टीके के लिए अधिकतम शुल्क २५० रुपये लिया जाएगा, जिसमें १५० रुपये टीके की कीमत और १०० रुपये सेवा शुल्क है। यह व्यवस्था अगले आदेशों तक लागू रहेगी।'' इन सभी सूचनाओं को केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से टीकाकरण पर राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के स्वास्थ्य सचिवों और मिशन निदेशकों (राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन) के साथ बातचीत के दौरान साझा किया।

मंत्रालय ने कहा, ''आयुष्मान भारत-पीएमजेएवाई के तहत लगभग १०,००० निजी अस्पतालों, सीजीएचएस के तहत सूचीबद्ध ६०० से अधिक अस्पतालों और राज्य सरकारों की स्वास्थ्य बीमा योजनाओं के तहत अन्य निजी अस्पताल कोविड टीकाकरण केन्द्रों (सीवीसी) के रूप में शामिल हो सकते हैं।'' मंत्रालय ने कहा, ''राज्य सरकारों के स्वास्थ्य विभागों ने पहले ही इन निजी अस्पतालों के साथ बातचीत शुरू कर दी है ताकि उन्हें सीवीसी के रूप में इस अभियान में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके।'' इन सभी निजी अस्पतालों की एक सूची स्वास्थ्य मंत्रालय और राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण की वेबसाइट पर अपलोड की गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा था कि 'ऑन-साइट' पंजीकरण कराने की सुविधा उपलब्ध होगी, ताकि योग्य लाभार्थी अपनी पसंद के टीकाकरण केंद्र पर जाकर अपना पंजीकरण कराएं और टीका लगवाएं। टीके के लाभार्थी को-विन २.० पोर्टल डाउनलोड कर और आरोग्य सेतु आदि मोबाइल ऐप के जरिए पहले भी अपना पंजीकरण करा सकते हैं।

मंत्रालय ने कहा था कि लाभार्थी अपनी पसंद के कोविड-१६ टीकाकरण केंद्र (सीवीसी) को चुन सकते हैं और टीका लगवाने के लिए अपना समय निर्धारित करवा सकते हैं। कोविड-१६ के खिलाफ राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान १६ जनवरी को शुरू हुआ था। मंत्रालय ने कहा था कि सभी लाभार्थियों को तस्वीर युक्त पहचान पत्र--आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र--आदि लेकर टीकाकरण केंद्र जाना होगा। वहद्र, किसी बीमारी से ग्रसित ४५ वर्ष से अधिक उम्र के लाभार्थी को बीमारी से संबद्ध प्रमाणपत्र भी साथ लाना होगा, जिस पर पंजीकृत चिकित्सक के हस्ताक्षर होने चाहिए।

देश में शनिवार को लगातार तीसरे दिन कोविड-१६ के १६,००० से अधिक मामले आने से संक्रमितों की संख्या बढ़कर १,१०,७६,६७६ हो गयी जबकि अब तक १,०७,६३,४५१ लोग ठीक हो चुके हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा शनिवार सुबह आठ बजे जारी किए गए आंकड़ों के मुताबिक, पिछले २४ घंटे में कोरोना के १६,४८८ केस मिले जबकि ११३ और लोगों की मौत से मृतकों की कुल संख्या १,५६,६३८ हो गयी है। आंकड़ों के मुताबिक, देश में उपचाराधीन मरीजों की संख्या १,५६,५६० है जो कि संक्रमण के कुल मामलों का १.४४ प्रतिशत है। संक्रमण से अब तक १,०७,६३,४५१ लोग स्वस्थ हो चुके हैं जिससे ठीक होने की दर ६७.१४ प्रतिशत हो गयी है जबकि मृत्यु दर १.४२ प्रतिशत है। देश में शुक्रवार को संक्रमण के १६,५७७ मामले और बृहस्पतिवार को १६,७३८ मामले आए थे। पिछले २४ घंटे में संक्रमण से ११३ और लोगों की मौत हो गयी। इनमें महाराष्ट्र से ४८, पंजाब से १५ और केरल से १४ लोगों की मौत के मामले सामने आए। महाराष्ट्र में अब तक ५२,०४१, तमिलनाडु में १२,४८८ , कर्नाटक में १२,३२० , दिल्ली में १०,६०६, पश्चिम बंगाल में १०,२६३, उत्तर प्रदेश में ८,७२५, आंध्र प्रदेश में ७१६६ लोगों की मौत हुई है। लक्षद्वीप में कोरोना वाायरस संक्रमण से पहली मौत होने की खबर है।

केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले ने कहा, उत्तर प्रदेश में क्षत्रियों को मिले १५ प्रतिशत आरक्षण

लखनऊ (एस.एन.लाल) केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्यमंत्री रामदास आठवले ने उत्तर प्रदेश में क्षत्रियों को १५ प्रतिशत आरक्षण देने की मांग की है। महाराष्ट्र में दलितों के बड़े नेता आठवले शनिवार को लखनऊ में थे। उन्होंने कहा, 'किसी भी बिरादरी के लोग जो गरीबी रेखा के नीचे जीवन गुजारा करते हैं उन्हें आरक्षण मिलना चाहिए।' उन्होंने क्षत्रिय समाज के लिए १५ फीसदी आरक्षण की मांग की। उन्होंने किसान आंदोलन के बारे में कहा कि हमारी सरकार किसानों के खिलाफ नहद्र है, हम लोग उनका समर्थन करते हैं। उन्होंने कहा कि औषि कानूनों की वापसी की मांग ठीक नहद्र है क्योंकि अगर एक कानून वापस लिया गया तो आगे इसी तरह और भी मांगें होती रहेंगी।

आठवले ने किसान नेताओं को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि किसान नेता किसानों को तकलीफ दे रहे हैं। जातीय जनगणना की पैरवी करने के साथ ही आठवले ने कहा कि महाराष्ट्र में मराठा, राजस्थान में जाट और उत्तर प्रदेश में क्षत्रिय आरक्षण मांग रहे हैं। सरकार से वह मांग कर रहे हैं कि इन सभी को १०-१५ फीसदी आरक्षण मिलना चाहिए। रिपब्लिकन पाटी ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामदास आठवले ने कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा के शनिवार के वाराणसी दौरे पर तीखी चुटकी ली। उन्होंने कहा कि प्रियंका गांधी वाड्रा मंदिर या कहद्र भी जाएं, कांग्रेस में राहुल गांधी के रहते उस पाटी का भला नहद्र हो सकता।

उन्होंने आगामी विधानसभा चुनाव में बीजेपी से त्च् को यूपी में ५ से ६ सीटें देने की अपील की है। वहद्र, उन्हों ने जातिगत जनगणना करने की मांग करते हुए कहा कि इससे जातिवाद नहद्र बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि हाल ही में पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। इस दौरान उनकी पाटी सभी राज्यों में चुनाव लड़ेगी। एनडीए सरकार में सहयोगी आरपीआई के अध्यक्ष ने कहा कि सभी जगह भारतीय जनता पाटी से सीटों को लेकर बात चल रही है। जहां भी सीटों पर समझौता नहद्र हो पाएगा, वहां हम एनडीए को समर्थन देंगे। उनका कहना था कि चार राज्यों में भाजपा की जीत लगभग तय है, केरल में भी भाजपा जीत सकती है।आठवले ने उत्तर प्रदेश में भीम आमी प्रमुख चंद्रशेखर की सक्रियता के सवाल पर कहा कि वह कोई खास प्रभाव डालने वाले नहद्र हैं। वह चाहें तो आरपीआई में आ जाएं। साथ ही बसपा प्रमुख मायावती भी अगर आरपीआई में आ जाएं तो उन्हें राष्ट्रीय अध्यक्ष बना देंगे। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वह आज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भी मिलने जा रहे हैं। बढ़ती महंगाई के सवाल पर रामदास आठवले ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारों को कुछ टैक्स कम करने चाहिए।

किसान बेचेंगे १०० रुपये लीटर दूध, कृषि कानूनों और पेट्रोल-डीजल के दाम के विरोध में खाप पंचायत का फैसला

हिसार (आईएनआईएस) देश का राजधानी नई दिल्ली की सीमाओं पर जारी किसान संगठनों के आंदोलन के बीच हरियाणा की एक खाप पंचायत ने बड़ा फैसला लिया है। हिसार में एक खाप पंचायत ने शनिवार को तय किया कि वो औषि कानूनों और बढ़े हुए पेट्रोल-डीजल और गैस के दाम के विरोध में दूध के दाम में बढ़ोतरी करेंगे। पंचायत के प्रवाक्ता ने कहा कि हमने १००/- लीटर की कीमत पर दूध देने का फैसला किया है। हम डेयरी किसानों से सरकारी सहकारी समितियों को समान मूल्य पर दूध बेचने का आग्रह करते हैं।

उन्होंने कहा, ष्हमने निर्णय लिया है कि जो दूध है ये भी किसान पैदा करता है, मजदूर पैदा करता है। पेट्रोल का भाव इतना बढ़ गया और दूध का भाव ५० रुपये। आपस में जो दूध लिया-दिया जाएगा, वो उसी रेट में दिया जाएगा परंतु जो निगम हैं, जिस तरह डेरी हैं तो इनको १०० रुपये किलो से कम हम लोग किसान नहद्र देंगे।ष सतरोल खाप के प्रधान रामनिवास लोहान ने कहा कि हमने दूध डेरी में बंद करने का निर्णय लिया है। डेरी में जो दूध देगा वो भाई किसान नही है। केंद्रीय पेट्रोलियम और नेचुरल गैस व स्टील मंत्री धर्मेंद्र प्रदान ने २१ फरवरी को तेल के बढ़ते दाम को लेकर कहा था।

Ramagya Distributors Pvt. Ltd.
(Deals in Writing and Printing Papers)
Gwynne Road ,Aminabad ,Lucknow
Phone:0522-4001081,9415018235
We Deal In : *All Writing and Printing Paper Solutions
*Call For Printing and Writing Paper Solutions.

KHUSHI FOUNDATION
Smile for Every Face
C-695,Ist Floor,Sector-6,Indira Nagar,Lucknow-226016,
www.khushifoundation.net

जम्मू में कांग्रेस नेताओं की मोर्चाबंदी से टीम राहुल गांधी नाखुश, पूछा- क्या इससे बीजेपी को नहीं होगा फायदा?

नई दिल्ली (आईएनआईएस) जम्मू में कांग्रेस के असंतुष्ट नेताओं के जमावड़े को लेकर दिल्ली में भी हलचल तेज है। सूत्रों के मुताबिक, सीनियर नेताओं की मोर्चाबंदी से टीम राहुल गांधी नाखुश है। राहुल गांधी की टीम को शिकायत है कि विधानसभा चुनावों में प्रचार की बजाय सीनियर नेता अपनी शिकायतों को तरजीह दे रहे हैं जबकि राहुल गांधी पार्टी को मजबूत करने के लिए जमीन पर मेहनत कर रहे हैं।

सीनियर नेताओं द्वारा उठाए गए इस कदम पर टीम राहुल गांधी का मानना है कि मोर्चाबंदी से कांग्रेस की उम्मीदों को झटका लग सकता है। राहुल गांधी की टीम ने इससे बीजेपी को फायदा होने की संभावना जताई है। उनकी टीम ने सवाल उठाया है कि क्या इससे बीजेपी को फायदा नही होगा। टीम राहुल गांधी का कहना है कि इस मोर्चाबंदी को कांग्रेस के वफादार सिपाही कभी नहद्र भूलेंगे। कांग्रेस के जी-२३ गुट के नेताओं ने गांधी परिवार के खिलाफ खुली मोर्चाबंदी कर दी है। जम्मू में जी-२३ के नेता एक मंच पर भगवा पगड़ी पहनकर जुटे। इस मंच से कांग्रेस के दिग्गजों ने अपने नेतृत्व पर सवाल उठाया है। इन लोगों ने कहा कि पार्टी को मजबूत करने को लिए जो भी बलिदान करना होगा हम करेंगे। जम्मू के इस कार्यक्रम में गुलाम नबी आजाद, राज बब्बर, मनीष तिवारी, और आनंद शर्मा भी शामिल हुए हैं।कपिल सिब्बल ने गुलाम नबी आजाद की राज्यसभा से विदाई पर भी सवाल उठाया और कहा कि हम आजाद से आजाद नहीं होना चाहते थे पार्टी ने उनके अनुभव का इस्तेमाल क्यों नहद्र किया? उन्होंने कहा-सच्चाई ये है कि कांग्रेस पार्टी हमें कमजोर होती दिख रही है। अब इकट्ठा होकर हमें इसे मजबूत करना है।

वही, आनंद शर्मा ने कहा कि हमसे कोई भी खिड़की से नहद्र आए। उन्होंने कहा, 'सब दरवाजे से आए हैं। हमारी पहचान कांग्रेस की रही है और कांग्रेस भी हमारी पहचान है। ये अधिकार किसी की नही कि हमें कोई बताए कि कांग्रेस क्या है। यह हक किसी का नहद्र है। हम बता सकते हैं कांग्रेस क्या है। हम बनाएंगे कांग्रेस को। पिछले १० सालों में कांग्रेस कमजोर हुई है आनंद शर्मा ने कहा कि श्दो भाई अलग-अलग मत रखते हों, तो इसका मतलब यह नहद्र है कि घर टूट जाएगा। या भाई, भाई का दुश्मन हो जाता है, ऐसा तो नही हो जाता है। अगर कोई अपना मत न व्यक्त करे कि उसका कोई क्या मतलब न निकाल ले, फिर वह घर मजबूत नही रहता है श वही, मनीष तिवारी ने कहा कि तमाम राष्ट्रवादी सोच के लोगों को एक मंच पर आना होगा और उसमें आजाद साहब की भूमिका काफी बड़ी होगी।

बैठक की शुरुआत में गुलाम नबी आजाद ने कहा, श्पिछले ५-६ साल से इन सभी दोस्तों ने जम्मू-कश्मीर को लेकर, यहां की बेरोजगारी, राज्य का दर्जा छीनने, इंडस्ट्री को खत्म करने, शिक्षा और जीएसटी लागू करने के मुद्दे लेकर संसद में मुझसे कम नही बोला है। चाहे जम्मू हो या कश्मीर या लद्दाख, हम सभी धर्म, लोगों और जाति का सम्मान करते हैं। हर एक समान रूप से सभी का आदर करते हैं। यह हमारी ताकत है और इसे हम आगे भी जारी रखेंगे।

धर्म और जाति के नाम पर लगातार नफरत फैला रही है भाजपा : अखिलेश यादव

वाराणसी (जिला सवाददाता) समाजवादी पाटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी देश में धर्म और जाति के नाम पर लगातार नफरत फैला रही है। संत रविदास जयंती पर वाराणसी पहुंचे अखिलेश यादव ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि हमारे देश में लोग एक-दूसरे के धर्म और संप्रदाय पर भरोसा करते हैं, यह हमारे देश की खूबी रही है। सपा अध्यक्ष ने आरोप लगाए कि भारत की संस्कृति और एकता के बीच में कोई सबसे ज्यादा नफरत फैलाने का काम कर रहा है तो वे भाजपा के लोग हैं।

उन्होंने कहा कि मिर्जापुर में आयोजित एक कार्यकर्ता शिविर में हमने अपने कार्यकर्ताओं को बताया कि आने वाले समय में यह एक बहुत बड़ा संकट का रूप लेने वाला है और यदि हमने देश को इस संकट से नहद्र उबारा तो हमारे देश के लोकतंत्र को खतरा का सामना करना पड़ सकता है। अखिलेश यादव ने कहा कि हमारा रास्ता धर्मनिरपेक्ष और समाजवाद का है। भाजपा सरकार की नीतियों पर प्रहार करते हुए उन्होंने कहा कि उनकी नीतियों से हमारी अर्थव्यवस्था और भारत के लोगों का नुकसान हुआ है।उन्होंने कहा कि भाजपा की केंद्र और प्रदेश सरकारें नए एसेट्स बनाने की बजाय पुराने एसेट्स बेचने में लगी हुई हैं। कांग्रेस से दोबारा गठबंधन के सवाल पर उन्होंने कहा कि आने वाले समय में समाजवादी पाटी किसी भी बड़ी पाटी से गठबंधन नहद्र करेगी।

गौरतलब है कि अखिलाश यादव ने वाराणसी में सीरगोवर्धन स्थित संत रविदास मंदिर पहुंच कर श्रद्धासुमन अर्पित किया और कहा कि संत रविदास की समता, बंधुत्व, सौहार्द और भेदभाव के विरोध की विचारधारा को आगे बढ़ाने के लिए समाजवादी पाटी औतसंकल्प है।

समाजवादी पाटी के प्रदेश मुख्यालय से शनिवार को जारी बयान के अनुसार, वाराणसी में मंदिर के मुख्य द्वार पर रैदासियों ने अखिलेश यादव का स्वागत किया और मंदिर के मुख्य रैदासी स्वामी निरंजन दास ने अखिलेश यादव को आशीर्वाद दिया। यादव ने लंगर में प्रसाद भी ग्रहण किया। यादव ने कहा, ''संत रविदास जी समाज सुधारक, महान क्रांतिकारी और स्वतंत्र चिंतक थे और उन्होंने पाखंड और कुरीतियों का डटकर विरोध किया। समाज में एकता, भाईचारा और समानता के लिए उनका पूरा जीवन समर्पित रहा, उनके अनुसार मानव सेवा ही वास्तविक धर्म है।''

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, ''संत रविदास के अनुयायी देश के सभी हिस्सों में मौजूद हैं। संत रविदास श्रम की प्रतिष्ठा को सवोपरि मानते थे और उन्होंने भाईचारा, सद्भावना, समानता और करूणा का संदेश दिया। 'मन चंगा तो कठौती में गंगा' का सूत्र देने वाले संत रविदास का जीवन दर्शन पूरे समाज के लिए प्रेरणादायक है।''

उत्तराखंड में अब बेटियों के नाम से जाने जाएंगे घर, नैनीताल से हुई शुरुआत

नई दिल्ली (आईएनआईएस) बालिकाओं को अपेक्षाकृत अधिक सम्मान देते हुए उत्तराखंड सरकार ने 'घरैकि पहचाण चेलिक नाम' कार्यक्रम की शुरूआत की है। इस परंपरा के तहत परिवार की सबसे छोटी बेटी के नाम पर उस घर की पट्टिका लगाई जाएगी। राज्य में यह शुरूआत नैनीताल जिले की नैनीताल नगरपालिका से की गई। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान को उत्तराखंड में एक कदम और आगे बढ़ाया जा रहा है। इस परंपरा के तहत परिवार की सबसे छोटी बेटी के नाम पर उस घर की पट्टिका लगाई जाएगी, ताकि घर की पहचान बिटिया के नाम पर हो सके। प्रथम चरण में इस नई परंपरा की शुरूआत नैनीताल जिले की नैनीताल नगरपालिका से की गई।

नैनीताल जिले के सभी विकासखंडों का एक-एक ग्राम चयनित किया गया है। सबसे अहम बात यह है कि पट्टिका में बेटी के नाम की पट्टिका बनाए जाने में ऐपण कला का प्रयोग किया जा रहा है, जिससे स्थानीय कला को भी प्रोत्साहन मिलेगा।

मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने कहा कि यह छोटी सी कोशिश एक दिन अभियान बनेगी और हर घर का नाम बेटी के नाम पर होगा। हमारी सरकार महिला सशक्तिकरण के लिए औत संकल्प है। उन्होंने कहा कि हाल ही में सरकार ने महिलाओं को पति की पैतृक संपत्ति में सहखातेदार का अधिकार दिया है। इससे महिलाओं को स्वरोजगार के लिए बैंक से लोन मिल सकेगा और वे स्वावलंबी बन सकेंगी। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण के लिए हमें महिलाओं को समान अधिकार और समान अवसर देने होंगे। हमारी सरकार द्वारा महिलाओं को आर्थिक, मानसिक के साथ ही शारीरिक दृष्टि से भी सशक्त बनाया जा रहा है। उनके सम्मान में कोई कसर बाकी नहद्र रखी जाएगी। समारोह में कई महिलाओं को उनके बेटी के नाम की पट्टिका घर पर लगाने के लिए मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने प्रदान की।

गौकशी का झूठा आरोप लगाकर घूस लेने वाले दारोगा पर योगी सरकार ने लिया एक्शन, किया सस्पेंड

बुलन्दशहर (आईएनआईएस) उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ की सरकार में किस तरह से यूपी पुलिस धर्म, जाति-पात को दरकिनार करके लोगों को इंसाफ दिला रही है और रिश्वत खोर पुलिस कर्मियों पर एक्शन ले रही है, उसका ताजा मामला यूपी के बुलन्दशहर जिले से सामने आया है। बुलन्दशहर जिले के एसएसपी संतोष कुमार सिंह ने एक मुस्लिम शख्स से रिश्वत लेने के आरोप में एसएचओ रमाकांत को सस्पेंड कर दिया है। बुलंदशहर एसएसपी संतोष कुमार सिंह को पिछले कुछ दिनों से जानकारी मिल रही थी कि थाना जहांगीराबाद के एसएचओ रमाकांत पैसे लेकर मामलों को रफा-दफा कर रहे हैं तो कभी बेकसूर लोगों को भी फंसाने की धमकी के नाम पर पैसे ऐंठ रहे हैं।

इंस्पेक्टर पर आरोप है कि उसने भुल्लन नाम के शख्स पर गोकशी का सामान ले जाने का आरोप मढ़कर उससे १५ हजार की रिश्वत वसूली। बुलंदशहर एसएसपी संतोष कुमार सिंह को पता लगा कि भुल्लन नाम के एक मुस्लिम व्यक्ति जिसके गांव जहांगीराबाद में कुछ समय पहले गौकशी के आरोप में दो लोग पकड़े गए थे और २ फरार थे। उस मामले में शक के आधार पर थाना इंचार्ज ने भुल्लन को बुलाया और थाने में बैठाकर रखा, हालांकि इंस्पेक्शन में उसका गौकशी से कोई लेना देना सामने नहद्र आया, लिहाज उसे छोड़ दिया जाना चाहिए था लेकिन उससे १५००० रुपए रिश्वत के तौर पर पेट्रोल भरवाने के नाम पर ले लिए गए, इसकी जानकारी एसएसपी को लगी उन्होंने खुद अपनी टीम के साथ थाने और थाने के बगल में एसएचओ के आवास पर दरवाजे बाहर से बंद करके रेड की। रेड के दौरान पता लगा कि कचरा फेंकने के बहाने पीछे जंगल मे पैसे छिपा दिए।

हालांकि जंगल से पैसे बरामद अब तक नहद्र हुए है, लेकिन पुलिस का कहना है रिश्वत लेने के पुख्ता सबूत हैं, लिहाजा एसएचओ रमाकांत यादव को सस्पेंड कर दिया गया है और मामले की तफ्तीश जारी है। उम्मीद है कई और रिश्वत के मामले सामने आ सकते हैं। बुलन्दशहर के जहांगीराबाद थाने के एसएचओ रमाकांत यादव ने जिस मुस्लिम शख्स भुल्लन को गौकशी का सामान गाड़ी में इधर से उधर ले जाने के शक में हिरासत में लिया और थाने में जबरदस्ती बैठाकर रखा और केस में शामिल न होने के बावजूद १५००० रुपए लेकर छोड़ा। जिसके बाद एसएसपी ने कारवाही करते हुए रेड की और फिर एसएचओ को सस्पेंड किया।

भुल्लन से इंडिया टीवी ने एक्सक्लूसिव बात की। भुल्लन का कहना है वो गाड़ी चलाता है, गाड़ी मैकेनिक के यहां थी, वहां एसएचओ आए और थाने ले गए, वहां पैसों की बात करने लगे कि जेल भेज देंगे। मैंने कहा पैसे नहद्र हैं, मैंने कुछ गलत नहद्र किया, चाहो तो जेल भेज दो। फिर अगले दिन गांव वाले आए और मुझे छुड़ाकर ले गए, मुझे नहद्र पता कितने पैसे दिए। योगी राज में पुलिस बिना जात-पात, धर्म के आधार पर नहद्र बल्कि कानून के हिसाब से काम कर रही है, जैसे एसएचओ को सस्पेंड किया और रेड की। इस पर कहना है कोई हिन्दू मुस्लिम नही बल्कि प्रदेश में कानून के हिसाब से काम हो रहा है। अगर पक्षपात होता तो मैं जेल में होता। सन्तुष्ट है सीनियर अफसर की कार्यवाही से जो एसएचओ को सस्पेंड किया और रेड की, जो गलत करेगा उसपर एक्शन होना चाहिए, चाहे मैं हूं या पुलिस वाले।

सरकार को अपना 'अहंकार' छोड़कर ईंधन करों को कम करना चाहिएः कांग्रेस

नयी दिल्ली। (आईएनआईएस) कांग्रेस ने नरेंद्र मोदी सरकार पर आम आदमी की समस्याओं की अनदेखी करने का आरोप लगाया और कहा कि उसे अपना ष्अहंकारष छोड़कर पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस (एलपीजी) पर लगाए गए करों को कम करना चाहिए। कांग्रेस प्रवक्ता अभिषेक सिंघवी ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सरकार को पेट्रोल और डीजल पर क्रमशरू २३.७८ रुपये और २८.३७ रुपये प्रति लीटर के अतिरिक्त करों को तुरंत हटाना चाहिए। इससे ईंधन की कीमतों को नीचे

लाने में मदद मिलेगी। उन्होंने पेट्रोलियम उत्पादों पर करों को कम करने के लिए सरकार से अपील करते हुए गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बयानों को उद्धृत किया। उन्होंने कहा कि महामारी के बाद अर्थव्यवस्था में आयी गिरावट के बीच आम आदमी पहले से ही बढ़ती मुद्रास्फीति और बेरोजगारी से परेशाना है।

सिंघवी ने कहा कि प्रधानमंत्री कांग्रेस की मांग को दरकिनार कर सकते हैं लेकिन उन्हें कम से कम अपने उन बयानों को याद करना चाहिए जो उन्होंने केंद्र में संप्रग शासन के दौरान गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में दिया था। कांग्रेस नेता ने कहा कि उन्हें रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास की सलाह पर भी गौर करना चाहिए कि ईंधन की बढ़ती कीमतों का व्यापक प्रभाव होगा। संप्रग शासन के दौरान मोदी के बयानों का जिक्र करते हुए सिंघवी ने कहा, ''कांग्रेस और देश का आपसे आग्रह है कि संप्रग कार्यकाल के दौरान पेट्रोल और डीजल की कीमतों को कम करने के लिए आप अपनी खुद की आवाज सुनें।'' उन्होंने पेट्रोल और डीजल पर से कर हटाने को लेकर दुविधा में होने संबंधी वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के बयान को लेकर उन पर भी निशाना साधा।

सिंघवी ने सवाल किया, ''कौन सा धर्म संकट और बाधा है कि वित्त मंत्री भी कर में कमी नहद्र कर पा रही हैं। क्या प्रधानमंत्री उन्हें ऐसा करने से रोक रहे हैं? '' सिंघवी ने कहा कि यह शर्मनाक है कि मई २०१४ से कच्चा तेल ३६.२ प्रतिशत सस्ता है, जबकि मोदी सरकार में पेट्रोल और डीजल क्रमशरू २७.५ और ४२.२ प्रतिशत महंगा है। उन्होंने कहा कि यह ष्उलटा चलन' है जहां वैश्विक दरें घट रही हैं, लेकिन घरेलू कीमतें बढ़ रही हैं। सिंघवी ने दावा किया कि इस सरकार ने पिछले २० दिनों में १४ बार पेट्रोल और डीजल की कीमतों में वृद्धि की। उन्होंने आरोप लगाया, श्मोदी सरकार लोगों के लिए सबसे महंगी सरकार रही है, जिसने लोगों पर भारी कर लगाया है। यह अभिमानी सरकार लोगों की समस्याओं को स्वीकार करने या उन्हें कोई राहत देने को तैयार नहद्र है। उसने सिर्फ श्फूट डालो, धोखा दो, ध यान भटकाओ और भूल जाओ' की कोशिश की है और ये श्हम दो, हमारे दो सरकारश के पसंदीदा शब्द हैं।''

कांग्रेस नेता ने कहा कि इस सरकार ने पिछले छह वर्षों में पेट्रोल और डीजल पर अतिरिक्त उत्पाद शुल्क लगाकर २१.५ लाख करोड़ रुपये से अधिक की कमाई की है। उन्होंने कहा कि मई २०१४ में अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत १०८ डॉलर प्रति बैरल थी और दिल्ली में पेट्रोल ७१.५१ रुपये प्रति लीटर तथा डीजल ५७.२८ रुपये प्रति लीटर की दर से बिक रहा था। कांग्रेस नेता ने कहा कि २५ फरवरी, २०२१ को अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत ६५.७० डॉलर प्रति बैरल है, लेकिन दिल्ली में पेट्रोल की कीमत बढ़कर ९१.१७ रुपये और डीजल की कीमत ८१.४७ रुपये प्रति लीटर है।

उन्होंने दावा किया कि भाजपा शासन में पेट्रोल की दरों में ८२० प्रतिशत और डीजल में २५८ प्रतिशत की वृद्धि हुयी है। उन्होंने यह भी कहा कि पिछले तीन महीनों में रसोई गैस की कीमत में २०० रुपये की वृद्धि हुई है। सिंघवी ने कहा, श्हम पेट्रोल और डीजल पर क्रमशरू २३.८७ रुपये और २८.३७ रुपये प्रति लीटर की तत्काल कटौती की मांग करते हैं, यह कोई एहसान नहद्र है बल्कि महामारी के समय लोग राहत के हकदार हैं।'

राकेश टिकैत सहारनपुर में करेंगे महापंचायत, जानिए मार्च में कहां-कहां होगी रैलियां, ये रही लिस्ट

गाजीपुर बॉर्डर (आईएनआईएस) कृषि कानूनों के खिलाफ किसानों के प्रदर्शन को तीन महीने हो चुके हैं। ऐसे में मार्च महीने में दर्जन भर महापंचायत आयोजित की जा रही है, ताकि इस आंदोलन को और धार दी जा सके और लोगों को इन कानूनों के बारे में जागरूक किया जा सके। लेकिन बार बार ये सवाल खड़ा हो रहा है कि आखिर सरकार और किसान फिर से बातचीत की टेबल पर क्यों नहद्र बैठ रहे हैं। भारतीय किसान यूनियन की तरफ से २८ फरवरी से लेकर २२ मार्च तक का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। जिसमें देश के विभिन्न जगहों पर महापंचायतें अयोजित की जाएंगी।

भारतीय किसान यूनियन के नेता राकेश टिकैत इन सभी महापंचायतों में शामिल होंगे। आज रविवार २८ फरवरी को यूपी के सहारनपुर में होने वाली महापंचायत में शामिल होंगे, वहद्र १ मार्च को उधमसिंह नगर के रुद्रपुर की महापंचायत में शिरकत करेंगे। २ मार्च को राजस्थान के झुंझनू में, ३ मार्च को राजस्थान के ही नागौर में महापंचायत होगी। इसके बाद ५ मार्च को यूपी के इटावा स्थित सैफई तो ६ मार्च को तेलंगाना में आयोजित कार्यक्रम में राकेश टिकैत शामिल होंगे।

७ मार्च को वह फिर से गाजीपुर बॉर्डर के कार्यक्रम में शिरकत करेंगे, इसके बाद ८ मार्च को एमपी के श्योपुर में शिरकत करेंगे, १० मार्च को यूपी के बलिया में किसान आयोजित महापंचायत में शामिल होंगे। १२ मार्च को राजस्थान के जोधपुर तो १४ मार्च को मध्यप्रदेश के रीवा में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करेंगे आखिर में २०, २१ और २२ मार्च को कर्नाटक में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

किसानों की तरफ से यह साफ कर दिया है कि जब तक सरकार बात नहद्र करती है तब तक इसी तरह से औषि कानूनों के खिलाफ आवाज उठती रहेगी। सरकार और किसानों की ११ दौर की बातचीत के बाद अभी तक फिर से बातचीत के कोई संकेत नजर नहीं आ रहें है, ऐसे में किसान बॉर्डर पर ही बैठे हुए है, इसपर जब राकेश टिकैत से जब पूछा गया तो उन्होंने कहा कि, आम जनता को साथ में आना चाहिए, आम जनता को ही सरकार के खिलाफ आंदोलन करना चाहिए ज़ब राकेश टिकैत से फिर पूछा गया कि आप ही सरकार से बात नहद्र करेंगे तो हल कैसे निकलेगा? राकेश टिकैत ने कहा कि, हम तो बात कर रहे हैं, हमने संदेश भी भेजा है कि ये हमारे मुद्दे हैं, बात करें, लेकिन अभी तक कोई जवाब नही आया है। गौरतलब है कि भारतीय किसान यूनियन के नेता के साथ-साथ तमाम राजनीतिक दल भी किसान आंदोलन के समर्थन में अपनी-अपनी किसान महापंचायत कर रहे हैं।

भारतीय रेलवे ने दी गुड न्यूज़, किया कई ट्रेनों का ऐलान, ये रही पूरी डिटेल

नई दिल्ली. भारतीय रेलवे ने यात्रियों की सहूलियत को देखते हुए कई और नई स्पेशल ट्रेनों का ऐलान किया है। भारतीय रेलवे द्वारा इन ट्रेनों का ऐलान

वडोदरा-जामनगर, नांदेड-श्रीगंगानगर, मुंबई सेंट्रल- वलसाड रूट पर किया गया है। इन ट्रेनों में यात्रा के दौरान पैसेंजर्स को कोविड-१९ को रोकने के लिए बनाए गए प्रोटोकॉल का पालन करना होगा। भारतीय रेलवे द्वारा चलाई जाने वाली इन विशेष ट्रेनों की अधिक जानकारी के लिए आप **www-enquiry-indianrail-gov-**पद पर विजिट कर सकते हैं। आइए आपको बताते हैं भारतीय रेलवे द्वारा किन ट्रेनों का ऐलान किया गया है।

०२९५६ वडोदरा से जामनगर सुपरफास्ट स्पेशल (हफ्ते में ५ दिन- रविवार और बुधवार को नही चलेगी)- ये स्पेशल ट्रेन १ मार्च से हर दिन दोपहर में १५.५० बजे वडोदरा रेलवे स्टेशन से चलेगी और उसी दिन रात में २३.३५ बजे जामनगर पहुंचेगी। अपने रूट पर ये ट्रेन आणंद, नडियाड, अहमदाबाद, साबरमती, चांदलोडिया, विरमगाम, सुरेंद्रनगर, थान, वांकानेर, राजकोट और हापा रेलवे स्टेशन पर रुकेगी।

०२९६० जामनगर से वडोदरा सुपरफास्ट स्पेशल (हफ्ते में ५ दिन- रविवार और बुधवार को नही चलेगी)- ये स्पेशल ट्रेन १ मार्च २०२१ हर दिन सुबह के ४.४५ बजे जामनगर रेलवे स्टेशन से चलेगी और उसी दिन दोपहर में १२.३० बजे वडोदरा पहुंचेगी। अपने रूट पर ये ट्रेन हापा, राजकोट, वांकानेर, सुरेंद्रनगर, विरमगाम, चांदोलोडिया, साबरमती, अहमदाबाद, नडियाड और आणंद रेलवे स्टेशन पर रुकेगी।

०७६२३ नदिड से श्रीगंगानगर स्पेशल (हफ्ते में एक दिन)- विशेष किराए के साथ- ये स्पेशल ट्रेन १ अप्रैल से नांदेड़ रेलवे स्टेशन से हर गुरुवार को सुबह ६.५० बजे चलेगी और अगले दिन १९.२० बजे श्रीगंगानगर पहुंचेगी। नांदेड से चलने के बा दये ट्रेन अमलनेर, नंदुरबार, सूरत, भरूच, वडोदरा, आणंद, नडियाड, अहमदाबाद, महेसाणा और पालनपुर रेलवे स्टेशन पर रुकेगी।

०७६२४ श्रीगंगानगर से नादेड़ स्पेशल (हफ्ते में एक दिन)- विशेष किराए के साथ- ये स्पेशल ट्रेन ३ अप्रैल २०२१ से हर शनिवार को श्री गंगानगर रेलवे स्टेशन से दोपहर में १२.३० बजे चलेगी और सोमवार को २.३० बजे नांदेड़ पहुंचेगी। श्रीगंगानगर से चलने के बाद ये ट्रेन पालनपुर, महेसाणा, अहमदाबाद, नडियाड, आणंद, वडोदरा, भरूच, सूरत, नंदुरबार और अमलनेर पर रुकेगी।

०६०२३ मुंबई सेंट्रेल से वलसाड स्पेशल (प्रतिदिन)- ये स्पेशल ट्रेन १ मार्च से मुंबई सेंट्रेल रेलवे स्टेशन से प्रतिदिन शाम के १८.१० बजे चलेगी और २३.०५ बजे वलसाड रेलवे स्टेशन पर पहुंचेगी। अपने रूट पर ये ट्रेन दादर, बोरिविली, विरार, वैतरना, सफाले, केलवे रोड, पालघर, बोईसर, वनगांव, दहानु रोड, घोलवड, उमरगांव रोड, संजान, भीलड़, करंबेले, वापी, उदवाड़ा, पारडी और अतुल रेलवे स्टेशन पर रुकेगी। ०६०२४ वलसाड से मुंबई सेंट्रल स्पेशल (प्रतिदिन)- ये स्पेशल ट्रेन १ मार्च से हर दिन सुबह के ०४.४० बजे वलसाड रेलवे स्टेशन से चलेगी और ६.१५ बजे मुंबई सेंट्रल रेलवे स्टेशन पर पहुंचेगी। अपने रूट पर ये ट्रेन अतुल, पारडी, उदवाड़ा, वापी, करंबेले, भीलड़, संजान, उमरगांव रोड, घोलवड, दहानु रोड, वनगांव, बोईसर, पालघर, केलवे रोड, सफाले, वैतरना, विरार, बोरिविली और बांदर रेलवे स्टेशन पर रुकेगी।

सम्पादकीय

असहमति का अधिकार

हाल ही में देश में किसानों द्वारा किये जा रहे विरोध प्रदर्शनों की पृष्ठभूमि में सवोच्च न्यायालय में पिछले वर्ष दिल्ली के शाहीन बाग क्षेत्र में हुए विरोध प्रदर्शनों पर एक समीक्षा याचिका दायर की गई है। न्यायालय ने अपने पूर्व के फैसले की समीक्षा करने से इनकार कर दिया, जिसमें कहा गया था कि किसी व्यक्ति को विरोध ा करने का पूर्णध्अनिवार्य अधिकार नहद्ध है और यह स्थान तथा समय के संदर्भ में प्राधिकारी के आदेशों के अधीन हो सकता है।

यह राज्य की सुरक्षा, स्वतंत्रता और उत्तरदायित्त्व तथा नैतिकता के बीच की रस्साकशी पर एक बार पुनः हमारा ध्यान आकर्षित करता है। जहाँ एक तरफ यह सरकार की जिम्मेदारी है कि वह यह सुनिश्चित करे की कोई भी विरोध प्रदर्शन हिंसक अराजकता में न बदलने पाए। वहद्ध दूसरी तरफ सार्वजनिक विरोध प्रदर्शन एक स्वतंत्र और लोकतांत्रिक समाज की पहचान हैं, जो यह मांग करता है कि सत्ता में बैठे लोगों द्वारा आम जनता की आवाज सुनी जानी चाहिये तथा उचित चर्चा और परामर्श के बाद निर्णय लिये जाने चाहिये। इस दुविधा के बावजूद भारतीय समाज के लोकतांत्रिक ताने-बाने को संरक्षित करने के लिये देश के लोकतांत्रिक प्रणाली से जुड़े हितधारकों का यह उत्तरदायित्त्व है कि संविधान के अनुच्छेद १९ के तहत प्रदान किये गए स्वतंत्रता के किसी भी अधिकार को गंभीर रूप से क्षति नहद्ध पहुँचनी चाहिये।

मौलिक अधिकाररू भारतीय संविधान में नागरिकों को शांतिपूर्ण ढंग से विरोध ा प्रदर्शन करने का अधिकार प्रदान किया गया है, भारतीय संविधान का अनुच्छेद १९(१)() वाक् और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता प्रदान करता है तथा अनुच्छेद १९(१)(इ) नागरिकों को बगैर हथियार के एवं शांतिपूर्वक ढंग से इकट्ठा होने का अधि ाकार देता है। भारतीय संविधान की पृष्ठभूमि उसके (भारत के) उपनिवेशवाद-विरोध ाी संघर्ष से बनी है, जिसके भीतर एक राजनीतिक सार्वजनिक क्षेत्र और लोकतांत्रिक संविधान के बीज बोए गए थे। भारतीयों ने औपनिवेशिक नीतियों और कानूनों पर सार्वजनिक रूप से अपने विचार व्यक्त करने तथा उनके खिलाफ एक सार्वजनिक राय बनाने के लिये बहुत ही कठोर एवं लंबा संघर्ष किया है। शक्ति के दुरुपयोग की जाँचरू संघ या समूह बनाने का अधिकार राजनीतिक उद्देश्यों के लिये समूह बनाने हेतु आवश्यक है- उदाहरण के लिये सामूहिक रूप से सरकार के फैसलों को चुनौती देना और यहाँ तक कि शांतिपूर्वक तथा कानूनी तौर पर सरकार को अपदस्थ करने का प्रयास, न केवल शक्ति के दुरुपयोग की जाँच करने बल्कि इस पर प्रश्न उठाने आदि मामलों में। शांतिपूर्वक इकट्ठा होने का अधिकार राजनीतिक दलों और नागरिक निकायों जैसे- विश्वविद्यालय से जुड़े छात्र समूहों को प्रदर्शनों, आंदोलन तथा सार्वजनिक बैठकों के माध्यम से सरकार के निर्णयों पर प्रश्न उठाने, आपत्ति जताने व निरंतर विरोध आंदोलनों को शुरू करने में सक्षम बनाता है। लोग लोकतंत्र के प्रहरी के रूप में कार्य करते हैं और सरकारों के निर्णयों की लगातार निगरानी करते हैं, जो सरकारों को उनकी नीतियों और कार्यप्रणाली के बारे में प्रतिक्रिया प्रदान करता है, जिसके बाद संबंधित सरकार परामर्श, बैठकों और चर्चा के माध्यम से अपनी गलतियों को चिह्नित करते हुए उन्हें सुधारती है। सुप्रीम कोर्ट का पर्यवेक्षणरू रामलीला मैदान घटना बनाम गृह सचिव, भारतीय संघ और अन्य मामले (वर्ष २०१२) में सवोच्च न्यायालय ने कहा था, नागरिकों का इकठ्ठा होकर शांतिपूर्ण विरोध करना एक मौलिक अधिकार है जिसे एक मनमानी कार्यकारी या विधायी कार्रवाई द्वारा छीना नहीं जा सकता है। सरकार के प्रस्तावों या निर्णयों को चुनौती देने के लिये की गई कोई भी सार्वजनिक कार्रवाई तब तक ही संवैधानिक रूप से वैध है, जब तक कि यह शांतिपूर्वक ढंग से की जाती है। भारतीय संविधान का अनुच्छेद १९(२) लोगों के बगैर हथियार के और शांतिपूर्वक इकट्ठा होने के अधिकार पर पर्याप्त प्रतिबंध लगाता है। ये प्रतिबंध भारत की संप्रभुता और अखंडता, राज्य की सुरक्षा, विदेशी राज्यों के साथ मैत्रीपूर्ण संबंधों, सार्वजनिक व्यवस्था, शालीनता या नैतिकता या न्यायालय की अवमानना, या उकसावे आदि मामलों में लगाए जा सकते हैं। हालाँकि हालिया समीक्षा याचिका में याचिकाकर्त्ताओं ने कहा कि शाहीन बाग मामले में सार्वजनिक स्थान पर अनिश्चितकालीन कब्जे के खिलाफ दिया गया फैसला पुलिस के लिये वास्तविक कारणों से प्रेरितध संबंधित विरोध प्रदर्शनों के मामले में अत्याचार करने का एक लाइसेंस साबित हो सकता है।

गौरतलब है कि हाल ही में न केवल प्रदर्शनकारी किसानों बल्कि उनके समर्थक जिनमें हास्य कलाकार और पत्रकार भी शामिल थे, पर देशद्रोह का आरोप लगाया गया था। इसके अतिरिक्त ऐसे अधिकारों के प्रयोग पर कोई भी मनमाना अवरोध - उदाहरण के लिये धारा १४४ लागू करना आदि असंतोषध्असहमति को सहन करने में सरकार की अक्षमता को दर्शाता है। सक्रिय न्यायपालिकारू संवैधानिक मामलों में एक निष्पक्ष और प्रभावी न्यायिक तंत्र सड़कों पर होने वाले आंदोलनों को प्रभावी रूप से रोक सकता है। अध्ययनों से पता चला है कि जब निष्पक्ष मुकदमों के माध्यम से मुद्दों को प्रभावी ढंग से हल किया जा सकता है, तो उस स्थिति में सामाजिक आंदोलन कम आक्रामक और कम विरोधी हो सकते हैं। इसके अलावा न्यायालयों को समय पर अधि ानिर्णयन सुनिश्चित करने की आवश्यकता है, क्योंकि यदि समय पर कानून द्वारा मान्यता प्राप्त प्रक्रिया के तहत विवादित कानूनों की वैधता पर विचार या अधिनिर्णयन किया गया होता, तो सड़कों पर आंदोलनों की तीव्रता को संभवतः कम किया जा सकता था। सार्वजनिक जाँच प्रणाली की स्थापनारू यूनाइटेड किंगडम में एक मजबूत सार्वजनिक जाँच प्रणाली मौजूद है जो पारिस्थितिक मांगों को संसाधित करने और उन्हें राजनीतिक प्रणाली में एकीकृत करने का कार्य करती है।

राम मंदिर के लिए २,१०० करोड़ रुपये से अधिक जमा हुए : ट्रस्ट

अयोध्या (जिला सवाददाता) अयोध्या के राम मंदिर निर्माण के लिए ४४-दिवसीय धन जुटाने का अभियान

शनिवार को समाप्त हो गया। इस पहल से जुड़े ट्रस्ट ने कहा कि उन्होंने २,१०० करोड़ रुपये से अधिक का संग्रह कर लिया है। १५ जनवरी को क्राउडफंडिंग अभियान की शुरुआत से पहले, ट्रस्ट ने राम मंदिर परिसर के निर्माण के लिए १,१०० करोड़ रुपये एकत्रित करने का अनुमान लगाया था, लेकिन ट्रस्ट को अनुमान से १,००० करोड़ रुपये से अधि ाक की राशि मिली।

श्री रामजन्मभूमि तीर्थक्षेत्र ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष, गोविंद देव गिरि ने संवाददाताओं से कहा, ष्धन जुटाने का अभियान भारत के दूर-दराज के गांवों क ` निवासियों स हि त सभी ध ार्मिक वगी के उदार योदानकर्तओ के उदार योगदान के सा थ ा समाप्त हो गया है। शनिवार शाम तक दान में मिली राशि २,१०० करोड़ रुपये को पार कर गई।ष

गिरि ने पिछले साल दिसंबर में राम जन्मभूमि पर पूरे परिसर के निर्माण के लिए १,१०० करोड़ रुपये का अनुमान लगाया था, जबकि मंदिर के निर्माण की लागत ३००-४०० करोड़ रुपये आंकी थी। अयोध्या के साधुओं ने अब मंदिर ट्रस्ट को अयोध्या के विकास के लिए अधि ाशेष धन का उपयोग करने की सलाह दी है और करोड़ों राम भक्तों द्वारा दान किए गए धन के दुरुपयोग के खिलाफ चेतावनी दी है।

हालांकि, ट्रस्ट के सदस्य अनिल मिश्रा ने कहा, ष्मंदिर परिसर के निर्माण का बजट अंतिम नहद्ध है और यह निर्माण पूरा होने के बाद ही पता चलेगा। तपस्वी छावनी के स्वामी परमहंस आचार्य ने कहा, ष्ट्रस्ट को माता सीता के नाम पर अयोध्या में संस्औत विश्वविद्यालय स्थापित करने और मंदिर शहर में दूध ा की मुफ्त आपूर्ति के लिए एक गौशाला स्थापित करने के लिए अतिरिक्त धन का उपयोग करना चाहिए।ष

निमोही अखाड़े के महंत धनेन्द्र दास ने कहा, ष्भगवान राम के नाम पर करोड़ों भारतीयों ने धन का दान किया है और अतिरिक्त धन का उपयोग अयोध्या और उसके मंदिरों के कल्याण के लिए किया जाना चाहिए।ष हनुमान गढ़ी मंदिर के पुजारी, महंत राजू दास ने कहा कि धन का इस्तेमाल अयोध्या में पुराने मंदिरों को पुनजीवित करने के लिए किया जा सकता है।

बीजेपी विधायक की आत्महत्या की धमकी के बाद ओडिशा विधानसभा की कार्यवाही स्थगित

भुवनेश्वर (आईएनआईएस) ओडिशा विधानसभा में शुक्रवार को भारतीय जनता पाटी के एक विधायक द्वारा आत्महत्या

की धमकी दी। वहद्ध, कांग्रेस विधायक दल के नेता भी अध्यक्ष के आसन के पास जाकर धरने पर बैठ गए। इसके बाद विधानसभा की कार्यवाही को स्थगित करना पड़ा। रिपोर्ट्र्स के मुताबिक, बीजेपी विधायक के खुदकुशी कर लेने की ध ामकी और कांग्रेस विधायक दल के नेता के अध्यक्ष के आसन के समीप धरना पर बैठ जाने के बाद सदन की कार्यवाही भोजनावकाश के बाद के सत्र तक के लिए स्थगित कर दी गई।

रिपोर्ट्र्स के मुताबिक, ये दोनों विध ाायक राज्य की विभिन्न मंडियों में किसानों से धान की तत्काल खरीद की मांग कर रहे थे। यह मुद्दा प्रश्नकाल में तब उठा जब देवगढ़ से भारतीय जनता पाटी के विधायक सुभाषचंद्र पाणिग्रही ने घोषणा की कि केंद्रीऔत टोकन प्रणाली के लागू होने के बाद मंडियों में अपना धान नहद्ध बेच पाए किसानों की परेशानियों को लेकर वे आत्मदाह से भी नहद्ध हिचकेंगे। पाणिग्रही ने कहा, 'जब तक धान की फसल बिक्री के लिए तैयार होती है, तब तक टोकन की अवधि खत्म हो चुकी होती है, इससे किसानों को बहुत परेशानी हो रही है। इसके चलते किसान आंदोलनरत हैं और सड़कों पर प्रदर्शन कर रहे हैं।'

पाणिग्रही ने कहा, 'मेरे निर्वाचन क्षेत्र के किसान खुदकुशी की धमकी दे रहे हैं क्योंकि वे अपना धान नहद्ध बेच पा रहे हैं। इसलिए, जब किसान आत्मदाह के लिए तैयार हैं, तो उनके प्रतिनिधि के पास धान की खरीद में असमर्थता के खिलाफ सरकार के विरोध के लिए वही प्रक्रिया अपनाने के अलावा कोई विकल्प नहद्ध है।' वहद्ध, प्रश्नकाल शुरू होने पर कांग्रेस विधायक दल के नेता नरसिंह मिश्रा धरने पर बैठ गए। मिश्रा ने कहा, 'हम सरकार से साफ जवाब चाहते हैं। अध्यक्ष को एक सर्वदलीय बैठक बुलाने और मुद्दे को तुरंत हल करने दें।' व्यवध ाान के बीच सदन नहद्ध चला पाने पर विधानसभा अध्यक्ष एस. एन. पात्रो ने ४ बजे तक के लिए कार्यवाही स्थगित कर दी।

पीएम मोदी की तस्वीर और १९ सैटेलाइट्र्स को पी.एस.एल.वी. -सी ५१ लेकर भरी उड़ान, अंतरिक्ष में गूंजेगा गीता का संदेश

श्रीहरिकोटा से पी.एस.एल.वी.-सी ५१ के जरिये एमेजोनिया-वन और १८ अन्य्य उपग्रहों को लॉन्च किया। बता दें कि इसके लॉन्च होने की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी थी। भारतीय रॉकेट पीएसएलवी-सी५१ को आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा में स्थित सतीश धवन स्पेस सेंटर (एसडीएससी) से एक लॉन्च पैड के सहारे रवाना किया गया। इस रॉकेट में ६३७ किलो के ब्राजीलियाई उपग्रह अमेजोनिया-१ सहित १८ अन्य सैटेलाइट्र्स भी अंतरिक्ष में भेजे गए हैं। इनमें से १३ अमेरिका से हैं। इस लॉन्च की खास बात यह है कि इसके साथ भगवदगीता भी अंतरिक्ष में भेजी गई है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तस्वीर भी आसमान की ऊंचाइयों में पृथ्वी का चक्कर काटेगी। स्पेस किड्ज इंडिया ने अपने सतीश धवन सैटेलाइट के शीर्ष पैनल पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तस्वीर उकेरी है। स्पेस किड्ज इंडिय की वेबसाइट के मुताबिक, यह कदम पीएम की आत्मनिर्भर पहल और निजी कंपनियों के अंतरिक्ष की राह खोलने वाले निर्णय से एकजुटता दिखाने के लिए उठाया जा रहा है। इस सैटेलाइट के जरिए स्पेस किड्ज इंडिया अंतरिक्ष में रेडिएशन पर रिसर्च करेगा। साल २०२१ में भारत का यह पहला अंतरिक्ष अभियान पीएसएलवी रॉकेट के लिए काफी लंबा होगा क्योंकि इसके उड़ान की समय सीमा १ घंटा, ५५ मिनट और ७ सेकेंड की होगी।

योजनाओं का लाभ उठाएं–जच्चा–बच्चा को स्वस्थ बनाएं

• गर्भावस्था की समुचित देखभाल से लेकर सुरक्षित प्रसवतक का है पूरा इंतेजाम • हर कदम पर जागरूक रहकर घर में खुशियाँ लायें

हरदोई, (ऋचा द्विवेदी)–सुरक्षित प्रसव और जच्चा–बच्चा के बेहतर स्वास्थ्य को लेकर स्वास्थ्य विभाग हरसंभव कोशिश में जुटा है । सरकार भी ऐसी योजनाओं को धरातल पर उतारने में जुटी है ताकि गर्भवती को किसी भी तरह की मुश्किल का सामना न करने पड़े, क्योंकि हरगर्भवती का एक ही सपना होता है कि एक स्वस्थ औरत दुरुस्त बच्चा उसकी बांहों में हो।गर्भवती का यह सपना तभी साकार हो सकता है जब वह स्वास्थ्य विभाग की इन योजनाओं का लाभ उठाने को आगे आये और क्षेत्रीय आशा, एएनएम और चिकित्सक की सलाह को पूरी तरह से गाँठ बाँधले।

